**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3881**
**दिनांक 11 अगस्त, 2026 / 20 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए**

**नार्को समन्वय केन्द्र का सुदृढ़ीकरण**

**3881. श्री सतीश कुमार गौतम:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या नार्को समन्वय केन्द्र को सुदृढ़ करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ग) नार्को समन्वय केन्द्र के सुदृढ़ीकरण से क्या लाभ प्राप्त हुए हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): सरकार ने सभी चार स्तरों (शीर्ष, कार्यकारी, राज्य और जिला स्तर) पर विभिन्न स्टेकहोल्डरों को शामिल करके, नए सिरे से तैयार किए गए 4-स्तरीय नार्को-समन्वय (एनकॉर्ड) तंत्र के माध्यम से मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत किया है। यह तंत्र मादक पदार्थों की तस्करी, प्रीकर्सर डायवर्जन, मांग कम करने और पुनर्वास की निगरानी के लिए केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए एक व्यवस्थित और संस्थागत प्लेटफार्म प्रदान करता है, जिससे प्रवर्तन और खुफिया जानकारी साझा करने के बेहतर परिणाम मिलते हैं। एनकॉर्ड शीर्ष, कार्यकारी, राज्य और जिला स्तरों पर लगातार सक्रिय और कार्यात्मक रहा है। अब तक, नीति निर्माण, मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं पर नियंत्रण के पूरे ढांचे की समीक्षा करने के लिए 10 शीर्ष एनकॉर्ड बैठकें और 7 कार्यकारी एनकॉर्ड बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। ऑपरेशनल स्तर पर, देश भर में 272 राज्य एनकॉर्ड बैठकें और 16,187 जिला एनकॉर्ड बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनसे जमीनी स्तर पर समन्वित प्रवर्तन कार्रवाई करने, खुफिया जानकारी साझा करने और मादक पदार्थ की तस्करी के रूझान की नियमित निगरानी में मदद मिली है। इन

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3881, दिनांक 11.08.2026**

बैठकों ने विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया है, संयुक्त अभियानों को सुगम बनाया है तथा विभिन्न राज्यों में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्कों के विरुद्ध लक्षित कार्रवाई को समर्थन प्रदान किया है। आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए एनकॉर्ड समिति की बैठकों के निर्देशों के कार्यान्वयन की स्थिति की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इन एनकॉर्ड बैठकों से मिले इनपुट स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा मादक पदार्थ नियंत्रण संबंधी विजन डॉक्यूमेंट (वर्ष 2026-2029) का मसौदा तैयार करने में उपयोगी साबित हुए हैं। इसके अलावा, एक एनकॉर्ड पोर्टल बनाया गया है, जो मादक पदार्थों और एनसीबी से संबंधित समस्त जानकारी के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और साथ ही एनकॉर्ड तंत्र के सभी चार स्तरों के लिए एक संपूर्ण नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम (केएमएस) के रूप में भी कार्य करता है। यह भारत सरकार द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरूद्ध शुरू की गई पहलों पर जानकारी के भंडार के रूप में भी कार्य करता है। इसके अलावा, एनकॉर्ड तंत्र से मादक-पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र (मानस) - 24x7 टोल-फ्री हेल्पलाइन (1933), गिरफ्तार नार्को-अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निदान) पोर्टल, मिशन स्पंदन - जागरूकता के लिए आध्यात्मिक संस्थानों के साथ साझेदारी जैसी नई पहलें उभर कर सामने आई हैं।

******